# प्रादेशिक समाचार एकांश

## आकाशवाणी भोपाल

## दिनांक 27.10.2024  समय: 7.10PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए त्यौहारों पर स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील की।
- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट पर जताई चिंता। बचाव के उपाय भी सुझाए।
- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश में दुग्ध उत्पादक किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से मिलेगा बोनस।
- भोपाल में कल से आयोजित होगा जलवायु परिवर्तन पर देश का पहला राज्य स्तरीय प्री–सीओपी परामर्श।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की सामूहिक चेतना का अंग बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि आत्मनिर्भर होने के बाद भारत हर क्षेत्र में अच्छा कर रहा है। आज सुबह आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पहले, भारत रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा खरीददार था लेकिन अब वह 85 देशों को निर्यात कर रहा है। प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम में ख़रीदारी करते समय वोकल फॉर लोकल के मंत्र को ध्यान में रखने की अपील की।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट को लेकर चिंता प्रकट की है। उन्होंने कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटली अरेस्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सभी जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में गेमिंग की दुनिया का लगातार विस्तार हो रहा है और भारतीय खेल दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि भारतीय प्रतिभाएं वैश्विक स्तर पर भी गेमिंग में महत्वपूर्ण योगदान कर रही हैं।

श्री मोदी ने इस वर्ष 31 अक्तूबर को दिवाली के अवसर पर सरदार पटेल की जयंती का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसके कारण रन फॉर यूनिटी इस वर्ष 31 अक्तूबर की बजाए 29 अक्तूबर को आयोजित होगी। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया। श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा और गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं दीं।

जलवायु परिवर्तन

भोपाल में कल "जलवायु परिवर्तन के लिये वैश्विक प्रयास–भारत की प्रतिबद्धता में राज्य का योगदान" विषय पर पहला राज्य–स्तरीय प्री–कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज–सीओपी परामर्श आयोजित किया जाएगा। कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित यह कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख लीडर्स को एक मंच पर लाने का प्रयास है। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रमुख रूप से सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में 200 से

अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय क्लाइमेट लीडर्स, शासकीय अधिकारी, पर्यावरण विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल होंगे। देश के सबसे बड़े वन क्षेत्र और अद्वितीय पारिस्थितिकी संपदा के साथ, मध्यप्रदेश क्लाइमेट चेंज के प्रति एक्शन लेने के लिए तथा नेतृत्व करने के लिये अग्रणी है। परामर्श के मुख्य विषयों में राष्ट्रीय और वैश्विक जलवायु लक्ष्यों में राज्य स्तरीय प्रयासों को रेखांकित करना और सतत विकास और जलवायु संरक्षण में मध्यप्रदेश के नवाचारों को प्रदर्शित करना शामिल है।

दुग्ध उत्पादन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने गरीबों और किसानों के लिए जीवन भर कार्य किया। सरदार पटेल के किसानों के कल्याण के सपने के रूप में गुजरात में दुग्ध उत्पादक संघ अमूल का गठन और विकास हुआ। इसने पूरे देश में श्वेत क्रांति ला दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज सतना में सरदार वल्लभ भाई पटेल ट्रस्ट द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी दुग्ध उत्पादक किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध संग्रहण के लिए बोनस दिया जायेगा। यह मध्यप्रदेश के किसानों के लिए सरदार पटेल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार जनता के साथ मिलकर दीवाली तथा गोवर्धन पूजा मनायेंगी। उन्होंने कहा कि उज्जैन में महाकाल लोक और बनारस में बाबा विश्वनाथ लोक का निर्माण हुआ है। उसी तरह चित्रकूट में श्रीराम लोक का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए चित्रकूट विकास प्राधिकरण गठित कर प्रयास शुरू कर दिये गये हैं। मैहर में मां शारदा लोक का निर्माण किया जायेगा।

मुख्यमंत्री – सतना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खेल से व्यक्तित्व में अनुशासन, आत्म–विश्वास, बौद्धिक, प्रखरता, निडरता और एकाग्रता विकसित होती है। प्रदेश में 18 खेलों की 11 राज्य अकादमियों का संचालन हो रहा है। मुख्यमंत्री सतना में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 35 वें अखिल भारतीय खेलकूद समारोह के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सतना में स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए 15 करोड़ रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की तथा सिंथेटिक ट्रैक निर्माण के लिए 7 करोड़ रुपए भी स्वीकृत किए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों उपलब्धियां अर्जित की है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पदक विजेता खिलाड़ियों की सराहना के साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद पदक प्राप्त करने से चूकने वाले खिलाड़ियों का भी उत्साहवर्धन किया।

बैतूल दुर्घटना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैतूल जिले के रानीपुर के पास ट्रैक्टर–ट्रॉली के खाई में गिरने की घटना में दो मजदूरों की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने बैतूल जिला प्रशासन को दुर्घटना में घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से मृतकों के परिजन को दो–दो लाख रुपए और घायलों को 50–50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

समाचार संक्षेप में .....

- महू से रतलाम आ रही डेमू ट्रेन के इंजन में आज आग लग गई। यह हादसा रूनीजा और प्रीतमनगर रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। रतलाम से राहत टीम पहुंच गई हैं। आग पर काबू पा लिया गया है।
- सीहोर जिले के बुधनी विधानसभा उप चुनाव के लिये सभी राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार किया जा रहा है। प्रत्याशी मतदाताओं से घर–घर जाकर जन संपर्क कर रहे हैं।

- श्योपुर कलेक्टर किशोर कुमार कनियाल ने मिट्टी के दिए बेंचने वाले दुकानदारों से खरीदी को प्रोत्साहन देने की लोगों से अपील की है। आज पटेल चौक पहुंचे जिला कलेक्टर ने कई दुकानदारों से चर्चा की।
- नर्मदापुरम में एक बस से आज 300 किलो नकली मावा जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बस स्टेंड पर भोपाल से आई मावे से भरी बोरियों को जब्त किया।
- अशोकनगर में रहवासी बस्ती में आतिशबाजी बेंचने वालों के खिलाफ आज विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। करीब साढ़े तीन लाख रूपये के पटाखे जब्त किये गए।
- दुध, दही और अन्य उत्पादों बाद अब सांची दुग्ध संघ नारियल पानी बाजार में लाने जा रहा है। कल पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री लखन पटेल भोपाल में इसके प्लांट की शुरूआत करेंगे।

--------------------